an>

Title: Need to provide drinking water to the people of Jameshedpur Constituency of Jharkhand.

श्री विद्युत वरन महतो (जमशेदपुर): अध्यक्ष महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र जमशेदपुर सहित पूरे झारखंड में जल का संकट गहराया हुआ है। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : इस पर अभी चर्चा होनी है, इसलिए आप अपनी बात संक्षेप में कहिए।

श्री विद्युत वरन महतो: यह क्षेत्र पहाड़ी है, इसलिए आम आदमी के साथ-साथ पशु-पक्षी भी पानी के बिना मर रहे हैं। लगातार दो-तीन वÂाâों से अच्छी वÂर्ष नहीं होने के कारण कुएं, चापाकल, नदी-नाले आदि सब सूख गये हैं। आज पीने का पानी के लिए सभी जगह हाहाकार मचा हुआ है। महात्मा गांधी राÂष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) से जगह-जगह जल संचयन हेतु सरकार द्वारा निजी तालाबों का गहरीकरण एवं डोभा का निर्माण किया जा रहा है। लेकिन इस कार्य को मनरेगा योजना के अलावा दूसरी योजना बनाकर युद्ध स्तर पर करने की आवश्यकता है, जिससे आने बरसात के पानी को रोककर जल स्तर को ऊपर किया जा सके। इसके लिए तत्काल कोई सहत मिलने वाली नहीं है, जबकि यहां के लोगों को तत्काल सहत पहुंचाने की जरूरत है।

महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री और पेयजल और स्वच्छता विभाग से मांग करता हूं कि अविलंब राज्य सरकार से परामर्श करके विशेÂा पैकेज की घोÂषणा की जाये। इसके साथ-साथ योजना बनाकर युद्ध स्तर पर लोगों को पीने हेतु शुद्ध जल की भी व्यवस्था की जाये।

माननीय अध्यक्ष : श्री निशिकांत दुबे, श्री सी.पी.जोशी, श्री रोड़मल नागर और श्री सुधीर गुप्ता को श्री विद्युत वरण महतो द्वारा उठाए गए विÂाय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।